एमजीएम अलाइड हेल्थ साइंसेस इंस्टीट्यूट (MAHSI)
महात्मा गाँधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं सम्बद्ध चिकित्सालय (स्वशासी), इन्दौर (म.प्र)

क्रमांक 254/प्रवेश/MAHSI/2025 इन्दौर, दिनांक 24/01/2025

एम.पी.टी. पाठ्यक्रमों में प्रोविजिनल (अनंतिम) प्रवेश हेतु विज्ञापन (सत्र 2023–24)

म.प्र. सह–चिकित्सीय परिषद, भोपाल के आदेश क्र. एफ–63(2)/कॉलेज/A23G0085/84/2025 भोपाल, दिनांक 15–01–2025 के अनुसार जारी अनुज्ञा के अनुसार स्टेट अलाइड हेल्थ साइंसेस इंस्टीटयूट (MAHSI), स्वशासी महात्मा गाँधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं सम्बद्ध चिकित्सालय (स्वशासी संस्था) इन्दौर के अन्तर्गत सत्र 2023–24 के लिए दो वर्षीय स्नातकोत्तर मास्टर ऑफ फिजियोथेरेपी पाठ्यक्रमों (एम.पी.टी. – ऑर्थोपेडिक्स, न्यूरोलॉजी, स्पोर्ट्स, कॉर्डियोथोरासिक, ऑब्स. एंड गायनोकोलॉजी, ऑन्कोलॉजी एवं जिरियाट्रिक) में प्रोविजनल (अनंतिम) प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। प्रवेश हेतु आवेदक को मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी (बी.पी.टी.) स्नातक उपाधि शैक्षणिक सत्र 2023–24 या पूर्व में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। बी.पी.टी. इंटर्नशिप काउंसलिंग तिथि के पूर्व पूर्ण होना चाहिए। प्रवेश प्रक्रिया हेतु बी.पी.टी. पाठ्यक्रम स्तर के विषयों की एम.पी.टी. प्रवेश परीक्षा दिनांक 04–02–2025 को प्रातः 10.00 बजे संस्था MAHSI में आयोजित की जावेगी, जिसमें सम्मिलित होकर परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है एवं उक्त परीक्षा के परिणाम की प्रावीण्य सूची के अनुसार दिनांक 05–02–2025 को प्रातः 10.00 बजे संस्था MAHSI में काउंसिलिंग प्रक्रिया द्वारा एम.पी.टी. पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रदान किये जा सकेंगे।

मास्टर ऑफ फिजियोथेरेपी (एम.पी.टी.) पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु उपलब्ध सीटों का विवरण

क्र.सं.	पाठ्यक्रम का नाम	उपलब्ध सीटों की संख्या
1.	मास्टर ऑफ फिजियोथेरेपी (MPT Sports)	01
2.	मास्टर ऑफ फिजियोथेरेपी (MPT Orthopaedics)	01
3.	मास्टर ऑफ फिजियोथेरेपी (MPT Neurology)	02
4.	मास्टर ऑफ फिजियोथेरेपी (MPT Cardiothorasic)	05
5.	मास्टर ऑफ फिजियोथेरेपी (MPT Obs&Gynaecology)	04
6.	मास्टर ऑफ फिजियोथेरेपी (MPT Oncology)	05
7.	मास्टर ऑफ फिजियोथेरेपी (MPT Geriatric)	05
	कुल सीट	23

- पाठ्यक्रमों में उपलब्ध सीटों पर मध्यप्रदेश राज्य शासन के नियमानुसार आरक्षण का प्रावधान है। आरक्षण के लाभ हेतु आवेदक को मध्यप्रदेश राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
- आवेदन पत्र निर्धारित शुल्क अनारक्षित वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं ई.डब्ल्यू.एस. के आवेदकों हेतु रुपये 1200/– एवं आरक्षित वर्ग अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति वर्ग के आवेदकों हेतु रुपये 1000/– के साथ संस्था पुस्तकालय एवं सूचना केन्द्र में प्रातः 10.30 से 5.00 तक उपलब्ध रहेंगे, जिसे दिनांक 03–02–2025 प्रातः 10.00 बजे तक वांछित संलग्नकों के साथ जमा करवाना होगा।
- सत्र 2023–24 में प्रवेश हेतु पूर्व में आवेदन प्रस्तुत कर चुके आवेदकों को उक्त प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित होने हेतु पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा, किन्तु पूर्व में जमा किये गये आवेदन शुल्क की रसीद संलग्न करने पर पृथक से कोई आवेदन शुल्क देय नहीं होगा।
- प्रवेश प्रक्रिया के विस्तृत नियमों एवं शुल्क की जानकारी हेतु संस्था की वेबसाइट www.mahsimgm.in पर उपलब्ध सत्र 2023–24 की स्नातकोत्तर एम.पी.टी. पाठ्यक्रम की प्रवेश विवरणिका का अवलोकन करें।
- प्रवेश हेतु काउंसिलिंग प्रक्रिया में सम्मिलित होने हेतु पृथक से कॉल लेटर जारी नहीं किया जावेगा।
- उक्त तिथियों/प्रक्रिया में किसी प्रकार के परिवर्तन की सूचना चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर की वेबसाइट www.mgmmcindore.in, संस्था की वेबसाइट www.mahsimgm.in एवं संस्था के नोटिस बोर्ड पर प्रसारित की जावेगी, अतः वेबसाइट का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।

Principal
MGM AlliedHealth Science Institute (MAHSI)
MGM Medical College, Indore (M.P.)

(डॉ. वी. पी. पाण्डे)
अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
महात्मा गाँधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर

DEAN
MGM MEDICAL COLLEGE
INDORE